तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 किसानों की खरहरी में लगी आग, बस्ती में मंडराया खतरा



## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत के लिए न्यायिक अधिकारियों की बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जाएंगे। संतोष शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक ली गई।

### परियोजना समन्वयक पद की नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

कोरबा। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 हेतु संविदा पर पर परियोजना समन्वयक की नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति निराकरण पश्चात परीक्षा में सम्मिलित किये जाने हेतु 1:5 के अनुपात में पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि लिखित एवं कौशल परीक्षा हेतु 11 मार्च को प्रातः 11 बजे आमंत्रित किया गया है। सूची अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को अपनी उपस्थिति कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा में देना सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### करतला ब्लॉक के तौलीपाली में प्रस्तावित कोल ब्लॉक सर्वे का मामला

# कोल ब्लॉक का विरोध, उरगा-हाटी मुख्य मार्ग पर 6 घंटे तक चक्काजाम, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम तौलीपाली में प्रस्तावित कोयला खदान के सर्वे को लेकर गांव में जमकर हंगामा हुआ। सर्वे टीम के पहुंचते ही ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया और देखते ही देखते मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिसकी वजह से उरगा-हाटी मुख्य मार्ग पर घंटों तक आवागमन बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दोपहर 12 बजे से जारी चक्काजाम शाम 6 बजे तक जारी रहा। हालांकि प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों न चक्काजाम समाप्त कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिना स्पष्ट जानकारी और ग्राम सभा की सहमति के सर्वे की कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना है कि तौलीपाली कोल ब्लॉक से जमीन, जल स्त्रोत और पर्यावरण पर असर पड़ेगा। इसी आशंका को लेकर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और उरगा-हाटी मार्ग पर चक्काजाम शुरु कर दिया। कोल ब्लॉक नीलामी को लेकर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जबकि दोपहिया चालकों को भी रोके जाने से वे भड़क गए और उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर भड़ास निकाली। करतला मार्ग पर किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर ग्रामीणों की मांग है कि कोल ब्लॉक नीलामी की प्रक्रिया रद्द की जावे और क्षेत्र में कोल ब्लॉक से खनन ना किया जाए। पिछले एक साल से ग्रामीण इस प्रक्रिया का विरोध करते आ रहे है लेकिन क्षेत्र में हवाई एवम ड्रोन सर्वे को देख ग्रामीण का गुस्सा फूटा और आसपास के ग्रामीण एकत्रित होकर सड़क जाम कर दिए। उरगा से कुदमुरा की ओर जाने वाले कोरबा, जाजगीर-चांपा, रायगढ़ जशपुर खरसिया की ओर जाने वाले लोग जाम में फंस गए। गांव वालों ने दो पहिया वाहन और पैदल चलने वालों को भी रोक दिया है। जाम के कारण ऐसे लोगों को मुसीबत का सामाना करना पड़ा। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले और लोगों के बीच जमकर टकराव की स्थिति भी देखने को मिली। आम लोगों ने कहा कि नीतिगत रूप से संबंधित लोगों का विरोध हो सकता है लेकिन जो लोग अपने काम से अलग-अलग रास्ते पर जा रहे हैं उन्हें रोकने का क्या मतलब है और ऐसा करने से कुछ होने वाला नहीं है। दो स्तर पर हो रहे विरोध के कारण अजीब स्थिति निर्मित हो गई। अपने कार्यों से जाने वाले लोगों ने प्रदर्शनकर्ताओं को कहा कि कहीं ऐसा न हो कि वे इस मामले में बुरी तरह से फंस जाएं और बाद में फिर लेने के देने पड़ जाए। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल केवल प्रारंभिक सर्वे की प्रक्रिया चल रही है और किसी भी आगे की कार्रवाई से पहले नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी।



ग्रामीणों को समझाइश देते अपर कलेक्टर।



मार्ग पर चक्काजाम करते ग्रामीण।



वाहनों की लगी लंबी कतार।

### न पुलिस पहुंची न प्रशासन

तौलीपाली में मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किए जाने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। परीक्षा से लेकर दूसरे कामकाज में इंगेज किए गए वर्ग ने इस प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इसके लिए प्रशासन से अनुमति ली गई? अगर नहीं तो इनके खिलाफ उचित कार्यवाही होना चाहिए। पीड़ितों ने इस मामले को लेकर यहां-वहां फोन भी लगाया। शाम 6 बजे तक ग्रामीणों का यह प्रदर्शन चला रहा इस दौरान हाटी-उरगा मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और लोग परेशान रहे। हैरानी वाली बात यह है कि इस दौरान पुलिस की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस वजह से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि स्थिति की जानकारी होने पर एडिशनल कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा कर बीच का रास्ता निकाला गया तब कहीं जाकर प्रदर्शन समाप्त हो सका।

## शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले आरोपी को 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक द्वारा एक 22 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम देने के बाद शादी से मुकर गया था। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर जिला न्यायालय ने उसे 7 वर्ष सश्रम कारावास व 500 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त अभिभाषक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरीपानी निवासी प्रवीण डहरिया उम्र 35 वर्ष पिता स्व कलाराम डहरिया द्वारा एक 22 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था जब युवती ने उसे शादी के लिए कहा तो प्रवीण डहरिया शादी से मुकर गया था जिसके उपरांत युवती ने इस मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी प्रवीण डहरिया के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां मामले की सुनवाई हुई और प्रवीण डहरिया के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 7 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने पैरवी की है।

## आश्वासन के बाद भी खदान से प्रभावित भूविस्थापितों को नहीं मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में भूविस्थापित और बेरोजगार परिवारों का मुद्दा फिर से गरमाने लगा है। भूविस्थापित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने केंद्रीय कोयला मंत्री को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि एसईसीएल की दीपका, गेवरा और कुसमुंडा परियोजनाओं में प्रभावित परिवारों को अब तक वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 नवंबर 2024 को दीपका परियोजना में कार्यबंदी के दौरान जिला प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भूविस्थापित परिवारों को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब तक उस पर अमल नहीं हुआ। संघ का आरोप है कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को काम दिया जा रहा है। साथ ही ठेका कंपनियों द्वारा मजदूरी भुगतान और रेट निर्धारण में अनियमितता के आरोप भी लगाए गए हैं। संघ के अनुसार लगभग 30 से 40 गांव परियोजनाओं से प्रभावित हैं। जमीन अधिग्रहण के समय स्थायी रोजगार का भरोसा दिया गया था लेकिन कई परिवार आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## 20 लीटर देशी शराब के साथ एक पकड़ा गया

**बिलासपुर।** पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर अवैध तरीके से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 110 पाव देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गुरूवार को रतनपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि जाली गांव में एक व्यक्ति भारी मात्रा में बाइक पर घुमकर शराब बेच रहा है। पुलिस ने टीम तैयार कर मौके पर पहुंची। इस दौरान जाली मेनरोड में रेड की कार्रवाई की गई। सड़क पर रोककर हरनमुंडी थाना पाली निवासी संदीप कश्यप वर्ष 34 पिता सियाराम कश्यप पूछताछ की गई। इस दौरान उसके पास से 110 पाव देशी प्लेन शराब 20 लीटर देशी शराब मिली। आरोपी से इस बारे में पूछताछ की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब कोचियां है और लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब बेचता है। पुलिस ने शराब और बाइक का जब्त कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## रायगढ़-बिलासपुर के बीच चार मेमू रद्द 1 तक



**बिलासपुर।** मंडल के रोबर्टसन से खरसिया सेक्शन के बीच फाटक में गर्डर डि लांचिंग एवं सक्ती से बाराद्वार सेक्शन के बीच गर्डर लांचिंग, रायगढ़-किरोड़ीमल नगर सेक्शन के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य ब्लाक लेकर किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेनों का परिचालन 1 मार्च तक प्रभावित रहेगा। इन प्रभावित ट्रेनों में 1 मार्च तक रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 1 मार्च को 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर और 28 फरवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं 1 मार्च तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त करने के साथ बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच और झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर से शुरु कर झारसुगुड़ा से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

**विवि ने मांग को लिया गंभीरता से** | छात्र-छात्राओं ने दो दिनों तक किया यूनिवर्सिटी का घेराव

# हंगामे के बाद अटल यूनिवर्सिटी ने परीक्षा टाइम टेबल में किया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने आखिरकार विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए वार्षिक परीक्षा 2025-26 के टाइम टेबल में परिवर्तन कर दिया है। यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों की मुख्य परीक्षा व नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के एग्जाम की तिथियां एक थीं, जिसके चलते दो दिनों तक छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी का घेराव किया था।

अटल यूनिवर्सिटी का पिछले दो दिनों विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा घेराव किया गया। असल में यूनिवर्सिटी ने वार्षिक परीक्षा 2925-26 के लिए जो टाइम टेबल जारी किया था, उसके अनुसार कई प्रतियोगी परीक्षाओं की तिथि आपस में टकरा रही थी। जिस समय कालेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उसी समय नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कई राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं होने वाली हैं। इसलिए कालेज विद्यार्थियों के



समक्ष यह समस्या खड़ी हो गई थी कि वे यूनिवर्सिटी आयोजित कालेज की परीक्षा में शामिल हो या फिर एनटीए आयोजित परीक्षा में बैठे। इसलिए छात्र संगठन परीक्षा टाइम टेबल में बदलाव की मांग को लेकर अड़े हुए थे और पूर्व टाइम टेबल का विरोध कर रहे थे।

### राष्ट्रीय स्तर के ये एग्जाम टकरा रहे थे

- जेईई मुख्य सत्र 1 - 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026
- जेईई मुख्य सत्र 2 - 2 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026
- सीयूईटी पीजी 2026 - 6 मार्च से 27 मार्च 2026
- सीयूईटी यूजी 2026 - मई माह में संभावित
- नीट यूजी 2026 - 3 मई से संभावित
- यूजीसी नेट 2026 - जून माह में संभावित

### कुलपति ने दिए निर्देश

छात्र-छात्राओं द्वारा शैक्षणिक व व्यावहारिक समस्याओं पर यूनिवर्सिटी का ध्यान आकर्षित कराया गया और परीक्षा टाइम टेबल संशोधन करने की मांग उठाई। इसे गंभीरता से लेते हुए यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक असिस्टेंट रजिस्ट्रार रामेश्वर राठौर ने इस विषय की पूरी जानकारी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार और कुलपति को दी। इसके बाद कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने परीक्षा टाइम टेबल में तत्काल आवश्यक संशोधन किए जाने का निर्देश दिया।

### संशोधित टाइम टेबल वेबसाईट पर अपलोड

इसके बाद यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग द्वारा संशोधित परीक्षा टाइम टेबल अपने वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक द्वारा परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे परीक्षा संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से यूनिवर्सिटी की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें तथा संशोधित टाईम टेबल अनुसार अपनी परीक्षा की तैयारी करें। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी छात्रहित से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करता रहेगा।

गेट के सामने से छात्रों को हटाने का प्रयास रहा असफल

# छात्रों के अनशन को लेकर सीयू में हंगामा




सेंट्रल यूनिवर्सिटी मेन गेट के सामने अनशन करते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही थी इसलिए यूनिवर्सिटी के लोगों ने शुक्रवार सुबह आमरण अनशनरत दोनों छात्रों का हटाने का प्रयास किया, जिसे लेकर वहां काफी हंगामा हुआ। यूनिवर्सिटी गार्डस एवं पुलिस वालों ने समझाने का प्रयास किया, किन्तु पूरे दिन मेनगेट सामने अनशन पर डटे रहे।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंध हटाने एवं प्रवेश निरस्तीकरण वापस लेने की मांग को लेकर छात्र सार्थक मिश्रा और सुदीप शास्त्री गुरुवार दोपहर से यूनिवर्सिटी मेनगेट सामने आमरण अनशन पर बैठ गए थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से छात्रों का अनशन समाप्त करने कोशिश की गई। प्रशासन की ओर से छात्रों से शपथ पत्र में आगे से किसी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने संबंधी लिखकर देने की शर्त रखी गई थी। दूसरी तरफ छात्रों ने भी यूनिवर्सिटी प्रशासन से लिखित में मांगा गया कि उन्हें वापस लिया जाएगा।

इस पर दोनों पक्षों में बात नहीं बनी, किन्तु किसी तरह का आंदोलन आज नहीं करने सहमति बन गई थी। इसलिए दोनों छात्र सार्थक मिश्रा और सुदीप शास्त्री आज भी मेनगेट सामने आमरण अनशन पर बैठे रहे जिसके चलते वहां इंटरनेशनल कांफ्रेंस के दौरान वाहनों के आवाजाही में समस्या होने लगी। इसके चलते यूनिवर्सिटी के लोगों ने मेनगेट से उन्हें सुरक्षा गार्डस के साथ हटवाने का प्रयास किया, जिसके चलते सुबह के समय वहां पर काफी हंगाम हुआ। बाद में पुलिस वालों ने भी पहुंचकर छात्रों को समझाने की कोशिश की, किन्तु उन्होंने शांतिपूर्वक अनशन करने की बात कहकर अनशन पर डटे रहे।

### ये है छात्रों का कहना

आमरण अनशन करने वाले छात्रों का आरोप है कि पिछले चार महीनों से उन्हें केवल झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। हर बार कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया, लेकिन ठोस निर्णय लेने के बजाय केवल ऑब्जर्वेशन पीरियड बढ़ाया जाता रहा। बार-बार अवधि बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं हुआ, बल्कि मानसिक और शैक्षणिक दबाव और बढ़ गया है। कई बार ज्ञापन देने और मिलने का समय मांगने के बावजूद अब तक कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है। छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और चार माह से लंबित मामले पर तत्काल ठोस निर्णय लिया जाए।

## इंटरनेशनल कांफ्रेंस से अतिथियों ने बनाई दूरी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र के सहयोग से यूनिवर्सिटी में दो दिवयीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस का विषय परंपराओं पर पुनर्विचार है, जिसका उदघाटन शुक्रवार को हुआ। लेकिन इस कांफ्रेंस से अतिथियों ने दूरी बनाए रखी और राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री सहित बड़े नहीं आए। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इस दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त महासचिव मुकुन्द्रा सीआर भी नहीं पहुंचे और वे आनलाइन कार्यक्रम में जुड़े। यूनिवर्सिटी की ओर से इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण सॉव को आमंत्रित किया गया था, किन्तु इनमें से कोई भी नहीं आए। इसके अलावा भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद प्रधान के इस कांफ्रेंस में आने की काफी हल्ला थी, किन्तु वे भी नहीं आए। यहां तक केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था पर वे भी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम शामिल नहीं हुए। इस तरह मंत्री आदि बड़े अतिथियों के यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम से दूरी बनाए रखने को लेकर आज यूनिवर्सिटी में चर्चा का विषय बना रहा।

- राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री कोई नहीं पहुंचे

### नहीं पहुंचे ज्यादा विदेशी अतिथि

भारत के अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र के सहयोग से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। कांफ्रेंस में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए फ्लाईट्स से आने-जाने की व्यवस्था के साथ यूनिवर्सिटी तक लाने और ले जाने के लिए 75 इनोवा वाहन किराए पर लिए गए हैं और अतिथियों के लाने के लिए यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इंटरनेशनल विदेशों से आने वाले अतिथियों के लिए कोर्टयार्ड मैरिएट जैसे बड़े होटलों में व्यवस्था रखी गई है। लेकिन होटल में बुक कराए गए अधिकांश कमरे खाली रहें, क्योंकि विदेशों से जितने इंटरनेशनल अतिथियों को बुलाया गया था, उसके मुताबिक विदेशी अतिथि कांफ्रेंस में भाग लेने पहुंचे नहीं।

# घर में चल रहा था अवैध हुक्का बार, 5 पकड़े गए



बिलासपुर। राजकिशोर नगर में आर्यन पब्लिक स्कूल के पास पॉश इलाके में दबिश देकर पुलिस ने एक अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई की है। आरोपी अथर्व पाण्डेय अपने ही घर में युवाओं को नशे की परोस रहा था। मुखबिर की सूचना पर सरकंडा पुलिस ने गुरुवार रात करीब 10:40 बजे रेड की कार्रवाई की और 5 युवक हुक्का पीते और पिलाते रंगे हाथों पकड़े लिया है।

सरकंडा पुलिस के अनुसार राजकिशोर नगर निवासी अथर्व पाण्डेय उर्फ चिंकू अपने घर में तंबाकू युक्त फ्लेवर मिलाकर अवैध हुक्का बार संचालित कर रहा है। वहां आने वाले युवाओं से हर घंटे के लिए 500 रुपए वसूलता था। स्कूल के पास चोरी छिपे हुक्का जैसी गतिविधियों से स्थानीय निवासियों में भी आक्रोश था। पुलिस ने टीम गठित कर गवाहों के साथ पलास-16 स्थित मकान की घेराबंदी की। रेड के दौरान पुलिस ने पाया कि विनित एलानी मैनेजर के रूप में वहां मौजूद था और ग्राहकों को हुक्का परोस रहा था। मौके पर किन्सू विश्वास, यथार्थ कश्यप और समीर पटेल हुक्का पीते हुए मिले। पुलिस ने जब संचालक और मैनेजर से लाइसेंस के बारे में पूछताछ की, लेकिन वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने मौके से 20 हजार रुपए मूल्य की सामग्री और नकद जब्त की है। मौके से 2 नग हुक्का पॉट, 1 नग कोल हीटर, रसीली ब्रांड फ्लेवर, सिल्वर फॉयल और नोजल बरामद किया गया है। मैनेजर विनित के पास से 4000 रुपए कैश भी मिले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कोटपा की धारा 4, 21(1), 21(2) और 27 के तहत अपराध दर्ज किया है।

- सरकंडा पुलिस ने की कार्रवाई
- मौके से फ्लेवर, सिल्वर फॉयल पॉट, कोल हीटर जब्त

**बालिग है आरोपी**-पुलिस ने मामले में राजकिशोर नगर के पलास 16 निवासी अथर्व पांडेय पिता सुधीर कुमार पांडेय उम्र 18 वर्ष, रामकृष्ण एन्क्लेव सीपत चौक निवासी विनित एलानी पिता शंकर एलानी उम्र 24 वर्ष, पैसनिक अपार्टमेंट तोरवा निवासी किन्सू विश्वास पिता कृष्णा विश्वास उम्र 18 वर्ष, जोरापारा अलंकार भवन निवासी यथार्थ कश्यप पिता संजय कश्यप उम्र 18 और समीर पटेल पिता रामकुमार पटेल उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से युवक स्कूली लड़के और लड़कियों को हुक्का मुहय्या कराते है। कालोनीवासियों ने कई बार शिकायत भी की थी। शुरूआती जांच में आरोपियों के नाबालिग होने की बात सामने आ रही थी लेकिन सभी बालिग है।

# 840 मिलीग्राम ब्राउन शुगर व गांजे के साथ 2 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र के आसमां सिटी के पास मेंड्रा रोड पर ब्राउन शुगर के साथ एक व्यक्ति ग्राहक का इंतजार कर रहा था। मुखबीर की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी हामिद अंसारी को पकड़ लिया। इस दौरान पूछताछ में और भी खुलासे हुए है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सकरी पुलिस को सूचना मिली कि हामिद अंसारी मेण्ड्रा रोड में पारदर्शी जिपर वाली पुडिया में अवैध नशीला ब्राउन शुगर के साथ खड़ा है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने टीम के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी हामिद अंसारी को पकडा लिया, आरोपी के कब्जे से 840 मिलीग्राम नशीली ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। इस दौरान पता चला कि सकरी रामा लाइफ निवासी ईशान मंडलोई और अभिषेक विहार निवासी अमन तिवारी के माध्यम से नशीला मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, गांजा एवं देशी पिस्टल प्रयागराज से खरीदकर शहर लाए हैं। नशीला सामान और पिस्टल को ईशान मंडलोई के मकान रामा लाइफ सिटी में रखा गया है। आरोपी ईशान मंडलोई के घर की तलाशी ली गई और 25 ग्राम गांजा व 4 नग चीलम, 2 नग लाइटर जब्त किया गया।

इस दौरान पिस्टल या अवैध हथियार नहीं मिला है। ईशान मंडलोई के घर में अमन तिवारी को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी हामिद असारी एवं अमन तिवारी के विरूद्ध एनडीपीएस के नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### जेल में बंद है ईशान

बताया जा रहा है कि सकरी रामा लाइफ निवासी ईशान मंडलोई पहले से ही अपराध क्रमांक 198/2026 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट, 185 एमवी एक्ट के तहत जेल में बंद है। उक्त कार्रवाई में टीआई विजय चौधरी, एसआई राजकुमार वस्त्रकार, पवन बंजारी, सज्जू अली, रामचंद्र कश्यप का सहयोग रहा।

## ड्राइवर से लूट, आरोपी पकड़ से बाहर

**बिलासपुर।** रास्ता रोकर कर ड्राइवर और उसके साथी से मारपीट करते हुए मोबाइल व 24 सौ रुपए की लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार विनायक विहार अमेरी निवासी आदित्य कोसले ड्राईवर का काम करता है। गुरुवार की रात 8 बजे व अपने ससुराल अमेरी गया था। खाना खाने के बाद अपने दोस्त अमन बघेल के साथ सोने के लिए विनायक विहार जाने लगा। इस दौरान दिलीप किराना स्टोर के पास पहुंचा था। जहां जरहाभाठा में रहने वाले लड़के ने उससे शराब दुकान के बारे में पूछने के लिए रोक लिया। इस दौरान आदित्य ने उसे जानकारी नहीं होने की बात कही, जिस पर युवकों ने उससे गाली गलौज करते हुए 2430 रुपए और अमन बघेल से मोबाइल छीन कर भागने लगे। इस दौरान दोनों ने लड़कों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन धक्का देकर भाग निकले। छीना झपटी में आदित्य के हाथ व पीठ में चोंट आई है वहीं मारपीट से अमन के हाथ और नाक में चोंट लगी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गैरेज संचालक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी के ग्राम गतौरा में जमीन विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अपने ही घर के पीछे जमीन देखने जा रहे गैरेज संचालक को आरोपी ने बीच रास्ते में रोककर 1 लाख रुपए की मांग की। जब पीड़ति ने पैसा देने से मना किया, तो आरोपी ने धारदार चाकू से उस पर हमला कर दिया।

ग्राम गतौरा निवासी इकबाल खान मोटरसाइकिल गैरेज चलाता है। गुरुवार सुबह 9 बजे के करीब अपनी पुश्तैनी जमीन देखने जनकपहारी जा रहा था, तभी आरोपी नन्चू राठौर ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने धमकी भरे लहजे में जमीन विवाद निबटाने के लिए उसे 1 लाख रुपए देने की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धारदार चाकू से इकबाल पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के बाएं हाथ की कलाई, गर्दन, सीने के दाहिनी तरफ और पीठ पर चोटें आई हैं। शोर मचाने और बचाव की कोशिश करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद उसे रिमांड पर जेल भेजा दिया गया।

# पोसैता स्टेशन में दो एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज आज से

**बिलासपुर।** आध्यात्मिक उत्थान मंडल ट्रस्ट के वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर में शामिल होने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए 28 फरवरी से 6 मार्च तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के पोसैता स्टेशन में एक मिनट के लिए दिया जा रहा है।

28 फरवरी से 6 मार्च तक दुर्ग सें रवाना होने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 16.09 से 16.10 बजे तक और 13288 आरा जंक्शन से दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 9.58 से 9.59 बजे तक, पुरी से रवाना होने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 7.34 से 7.35 बजे तक और 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में 15.38 से 15.39 बजे तक रोकी जाएगी।

# गांजा तस्कर व खरीददार समेत चार गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** रघुनाथपुर पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन तस्कर और एक खरीददार समेत चार आरोपियों को 4 किलो ग्राम गांजा के पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कार, मोबाइल फोन समेत 4.86 लाख रूपए का सामान बरामद किया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी बीच 26 फरवरी को लुंड्रा के रघुनाथपुर चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार से तीन लोग गांजा लेकर गंगापुर आ रहे है और मुरारी लाल को गांजा बेचेंगे। सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गंगापुर मुख्य मार्ग पर एनएच 43 किनारे घेराबंदी की। इस दौरान खेत में आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एएल 8571 के साथ चार लोग नजर आए। पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर उनकी पहचान की। आरोपियों की पहचान रायगढ़ लैलूंगा मुड़ापारा नारायणपुर निवासी 26 वर्षीय हेमसागर यादव आ. पोरना राम यादव, जशपुर जिले के तुमला कोलेनझरिया जोरोडा निवासी 25 वर्षीय खीरो यादव आ. सुशील यादव, रायगढ़ लैलूंगा पोतरा निवासी 24 वर्षीय भूपेंद्र यादव आ. लोचन यादव के रूप में की गई। इसके साथ ही चौथे युवक की पहचान रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम गंगापुर निवासी 35 वर्षीय मुराल लाल चौबे आ. तिरथ राज चौबे के रूप में की गई। पुलिस ने जब आरोपियों की तलाशी ली तो हेमसागर यादव, खीरो यादव, भूपेंद्र यादव के कब्जे के कार को चेक करने पर डिक्की मे रखा हुआ कुल 2 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया साथ ही वाहन के पास काले रंग का बैग लेकर खड़े व्यक्ति मुरारी लाल चौबे के बैग से 2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 4 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसके साथ ही आरोपियों के कब्जे से आई 20 कार, 6 नग मोबाइल फोन समेत 4 लाख 86 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# सूरजपुर-परसा ट्रैक पर मालगाड़ी के सात वैगन पटरी से उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/रामानुजनगर

परसा खदान से कोल परिवहन के लिए अडानी कंपनी द्वारा निर्मित कराए गए रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया,सूरजपुर स्टेशन से सप्लाई किए गए 7 खाली वैगन सुबह करीब 3:05 बजे बेपटरी हो गए,जिससे इस मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के कैरेज एवं वैगन विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा और सुधार कार्य शुरू कर दिया,हादसे के कारण ट्रैक पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है,बताया गया कि कोयला लोडिंग के लिए पॉवर इंजन एन बॉक्स 962 को लेकर परसा खदान जा रही थी तभी रामानुजनगर के पास मालगाड़ी के सात वैगन बेपटरी होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए,घटना की सूचना पर रेलवे कंट्रोलर के निर्देश पर सी एंड डब्लू स्टॉफ टावर कार सहित मशीनी उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य चलाया गया है,समाचार लिखे जाने तक ट्रैक बहाली का कार्य जारी था,रेल सूत्रों के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मार्ग को दुरुस्त कर परिचालन बहाल किए जाने की संभावना है,हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, हादसे में रेलवे विभाग को कितनी क्षति पहुंची है, यह अब तक अस्पष्ट है।

**खास बात**

- विभागीय स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य किया शुरू



ट्रैक से नीचे उतरी मालगाड़ी।

## खबर संक्षेप

### हेल्दी माइन्स थीम पर आज मेडिकल कोन्फ्रेंस

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय सीमेकॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन में कोल इंडिया तथा उसकी सभी सहायक कंपनियों एवं देश के जाने-माने अस्पतालों से 250 से अधिक चिकित्सक भाग लेंगे। इस सम्मेलन की मेजबानी एसईसीएल द्वारा की जा रही है। इस वर्ष सम्मेलन की थीम हेल्दी माइन्स हेल्दी नेशन रखी गई है, जिसका उद्देश्य खनन क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों के लिए सुदृढ़ स्वास्थ्य तंत्र, व्यावसायिक स्वास्थ्य सुरक्षा तथा निवारक चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत बनाना है। सम्मेलन में देश के प्रख्यात विशेषज्ञ चिकित्सक एवं विषय-विशेषज्ञ विभिन्न समसामयिक विषयों पर व्याख्यान देंगे। इनमें व्यावसायिक रोग, औद्योगिक स्वास्थ्य, आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन, जीवनशैली संबंधी बीमारियां, मानसिक स्वास्थ्य तथा खनन क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार जैसे विषय शामिल रहेंगे।

### आज सजेगा कृषक उन्नति योजना का मंच, किसानों को मिलेगी सौगात

**कोरबा।** कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को आदान सहायता राशि वितरण के लिए 28 फरवरी को सीएसईबी फुटबॉल मैदान में 11 बजे से जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। कार्यक्रम में जिले भर के हजारों किसान शामिल होंगे, जिन्हें शासन की ओर से आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, और कृषि स्थाई समिति की सभापति श्रीमती सुष्मिता कमलेश अनंत सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचस्थ रहेंगे। कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य खेती-किसानी को लाभ का धंधा बनाना और अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं और क्षेत्र के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन स्थल पर पहुँचने की अपील की है।

### पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का किया गया गठन, जारी हुआ टोल-फ्री नम्बर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा गर्मी के मौसम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं हैंडपंपो के संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह पेयजल प्रकोष्ठ 30 जून तक की अवधि तक प्रभावशील रहेगा।
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मानचित्रकार पीएल गढ़ेवाल मोबाइल नंबर 6265881469 को नियुक्त किया गया है। पीएचई एसएस कोर्राम मोबाइल नम्बर 9993321894 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 9 बजे ये रात्रि 7 बजे तक कार्य करेंगे। प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतां का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/ उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराया जायेगा एवं शिकायत की तिथि वार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। ईई पीएचई ने बताया कि जिला स्तर पर खंड कार्यालय कोरबा एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी।

### घर-घर पहुंचे आयुक्त, स्वच्छता पर की लोगों से चर्चा

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 39 रिसदा एवं वार्ड क्र. 49 हसदेव क्र. 2 के आवासीय क्षेत्रों, बस्तियों में पैदल भ्रमण कर वहां के रहवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ-सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं।

## गेवरा रोड से पेण्ड्रारोड के बीच किया जा रहा है ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर का कार्य

# गौरेला-पेण्ड्रा यार्ड के पास गोदाम में लगी आग




### नुकसान का आंकलन नहीं

गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच रेल लाइन निर्माण कार्य चल रहा है। यहां एक ठेकेदार के गोदाम में आग लगी थी, जिसमें रबर पैड रखे हुए थे। फायर ब्रिगेड के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। अब तक नुकसान का आंकलन नहीं किया गया है। पूछताछ में जानकारी मिली कि संभवत: आग गोदाम के पीछे खेत में आग लगाने के कारण हुई है। नुकसान के आंकलन की जानकारी मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**- सौरभ सिंह**
थाना प्रभारी, गौरेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरेला से पेंड्रारोड के बीच नई रेल लाइन के पास यार्ड में संचालित एक निजी ठेकेदार के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसमें रबर पैड रखे हुए थे। आग के कारण करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। इस मामले में आरपीएफ के साथ लोकल पुलिस भी जांच में जुट गई है।

छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कारीडोर के तहत गेवरारोड से पेण्ड्रारोड के बीच नई रेल लाइन का काम किया जा रहा है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ सरकार, इरकॉन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की ओर से पूरी हो रही है। इसकी लागत 4304.72 करोड़ रुपए से बढ़कर 7448.52 करोड़ रुपए हो गई है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य उत्तरी छत्तीसगढ़ में बेहतर परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराना और कोरबा क्षेत्र से कोयले के परिवहन को सुगम बनाना है। इसका कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है। प्रतिदिन की तरह गेवरारोड से गौरेला पेण्ड्रा नई रेल लाइन का कार्य शुक्रवार को भी किया जा रहा था। इस दौरान दोपहर 12.30 से एक बजे के बीच अचानक मौके पर हंगामा शुरु हो गया। मौके पर काम करने वाले कर्मचारी और मजदूरों को सूचना मिली कि गौरेला ओवरब्रिज के बगल यार्ड में संचालित होने वाले जयपुर के एसआईएल कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम में भीषण आग लगी है। गोदाम में रबर पैड रखे हुए थे। यह रबर पैड रेल लाइन निर्माण के दौरान रेलवे ट्रैक और स्लीपर के बीच लगाने के काम आते हैं। सूचना मिलते ही ठेकेदार और कर्मचारी तत्काल गोदाम की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाना शुरु किया। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद दमकल पहुंची। दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग के कारण गोदाम के अंदर रखे करोड़ों रुपए के रबर पैड जलकर खाक हो गए। जानकारी मिलते ही पेण्ड्रा आरपीएफ की टीम और लोकल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद जांच शुरु कर दिया है।

# होली और रमजान को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर


एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

होली पर्व और पवित्र रमजान माह को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कटघोरा में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तन्मय खन्ना की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत में एसडीएम तन्मय खन्ना ने उपस्थित सदस्यों से कटघोरा क्षेत्र में होली एवं रमजान के दौरान पूर्व में रही व्यवस्थाओं और चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहारों की खुशियां किसी भी प्रकार के विवाद या असामाजिक तत्वों की वजह से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। थाना प्रभारी ने बैठक में बताया कि नगर और थाना क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वाले और तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल दौड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं संचालित होने को ध्यान में रखते हुए एसडीएम खन्ना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीजे और अत्यधिक ध्वनि वाले वाद्य यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। होली के दिन नगर के सभी तालाबों और नदियों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पेट्रोलिंग दिनभर जारी रहेगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। एसडीएम तन्मय खन्ना ने सभी समुदायों से होली और रमजान को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कटघोरा की पहचान सामाजिक एकता और साम्प्रदायिक सद्भाव से है, जिसे हर हाल में बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, तहसीलदार सूर्यकांत केशकर, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ संतीश पांडेय सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बालको के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने खेलों में बढ़ाया संस्थान का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विजेता खिलाड़ियों को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात करने का अवसर मिला। यह उपलब्धि दिखाती है कि बालको अपने कर्मचारियों को कार्यस्थल से आगे बढ़कर सीखने, आगे आने और अपनी प्रतिभा दिखाने के पूरे अवसर देता है।

यह प्रतियोगिता ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्था मिथवा संकल्प समिति द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग का भी सहयोग रहा। प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में हुई, जिसमें आठ राज्यों से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बालको की ओर से भाग लेते हुए कर्मचारियों ने न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियाँ हासिल कीं, बल्कि संगठन की समावेशी संस्कृति का भी प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। बालको में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत आएशा ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्मविश्वास और अपनापन महसूस कराने का जरिया है। ट्रैक पर उतरकर मुझे यह एहसास हुआ कि मैं अपनी जिम्मेदारियों और पहचान से आगे भी बहुत कुछ कर सकती हूँ। ऐसी प्रतियोगिताएँ हमें अपनी क्षमताओं को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर देती हैं। बालको के सुरक्षा गार्ड कुलेश्वर ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि बालको नियमित रूप से खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण मिलता है। क्रिकेट के लिए आयोजित बालको प्रीमियर लीग और अन्य आंतरिक प्रतियोगिताएँ हमें एक साझा मंच पर जोड़ती हैं, जहाँ टीमवर्क सबसे अहम होता है। ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए ऐसे अवसर विशेष मायने रखते हैं, क्योंकि इससे हमें स्वीकार्यता और आत्मविश्वास दोनों मिलता है। वहीं, बालको में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत अलका नागरवाड़े ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# अदाणी पॉवर लिमिटेड के विस्तार परियोजना की जनसुनवाई संपन्न

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जिले के बरपाली तहसील अंतर्गत कोरबा पॉवर लिमिटेड पताड़ी के प्रस्तावित 1600 मेगावाट के क्षमता विस्तार के लिए शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गई। कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पर्यावरण स्वीकृति के आदेश के लिए जनसुनवाई 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से ग्राम सरगबूंदिया स्थित शासकीय स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की गई। जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में कोरबा के अतिरिक्त कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, कोरबा के क्षेत्रीय अधिकारी अंकुर साहू मौजूद थे। इसके साथ ही एसडीएम सरोज कुमार महिलांगे, कार्यपालक अभियंता प्रसन्ना सोनकर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

अदाणी पॉवर लिमिटेड से पर्यावरण विभाग प्रमुख आर एन शुक्ला ने केपील परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जनसुनवाई लगभग 2.30 घंटे तक चली। जिसमें बरपाली तहसील के ग्राम खोड्डुल, पताड़ी, सरगबूंदिया,पहंदा, बरीडीह, तिलकेजा इत्यादि सहित कुल 12 गांव के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान सभा में ग्रामीणों द्वारा मुख्यरूप से क्षेत्र के विकास, नौकरी और स्वरोजगार के लिए उचित प्रबंध सहित कई बातों तथा सुझावों को पीठासीन अधिकारी ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुनकर कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में संबंधित मांगों पर विचार करने का भरोसा दिलाया। इस तरह जन सुनवाई में पधारे 95 फीसदी लोगों ने अदाणी पॉवर लिमिटेड के केपील की 800 मेगावाट की दो इकाईयों के क्षमता विस्तारण का समर्थन किया।


जनसुनवाई के दौरान उपस्थित पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी।


जनसुनवाई में शामिल ग्रामीण।

### विस्तार परियोजना से हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

जनसुनवाई के अंत में अदाणी पॉवर लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रमुख सी वी के प्रसाद ने कहा कि परियोजना के आने से जहां रोजगार सृजन से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा तो वहीं सामाजिक सरोकारों के जरिए ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास के नए आयाम खुलेंगे। अदानी पॉवर क्षेत्र में रोजगारोन्मुख, विकासात्मक तथा ग्रामों के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनसुनवाई में कंपनी की पक्ष में अपने विचार रखने उपस्थित सभी ग्रामीणजनों, प्रशासनिक अधिकारियों, हितधारकों, तथा जनसुनवाई के आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया। अदाणी पॉवर लिमिटेड की जिले के बरपाली तहसील में स्थित कोरबा पावर लिमिटेड में सब क्रिटिकल तकनीक की 300 मेगावाट की दो इकाइयां अर्थात कुल 600 मेगावाट की क्षमता विगत पंद्रह सालों से संचालित है। जिसके सामाजिक सराकारों के तहत आसपास के करीब 25000 से अधिक जनसंख्या वाले 12 से अधिक ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन और ढांचागत विकास के कई कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। जन सुनवाई के सफल होने पर उपस्थित लोगों ने खुशी जाहिर की।

# कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग में ओवरस्पीड पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे क्रमांक 130 कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। अलग-अलग प्वाइंट पर स्पीडोमीटर (स्पीड गन) के जरिए वाहनों की रफ्तार पर नजर रखी जा रही है। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार पाए जाने पर सीधे ई-चालान जारी किया जा रहा है।

शुक्रवार को पाली-बांगो रोड पर ट्रैफिक पुलिस की टीम स्पीडोमीटर के साथ तैनात रही। इस मार्ग पर सामान्य और भारी वाहनों की आवाजाही 24 घंटे बनी रहती है। विशेषकर सुबह के समय कई वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते पाए जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। हाल के दिनों में हाईवे पर हुई घटनाओं ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान फिर से इस दिशा में केंद्रित किया है। ट्रैफिक पुलिस के जवान संबंधित उपकरण के साथ विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहकर वाहनों की स्पीड मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताया गया कि स्पीडोमीटर निर्धारित सीमा से अधिक रफ्तार होने पर स्वतः रीडिंग दर्ज करता है। इसके आधार पर संबंधित वाहन मालिक के पंजीकृत मोबाइल नंबर और पते पर ई-चालान की प्रति भेज दी जाती है। कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जवाबदेह बनाना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

***कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम नवापारा की 60 वर्षीय फुलमत बाई कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझा करती थीं। घर में नल नहीं होने के कारण उन्हें प्रतिदिन दो से तीन किलोमीटर दूर स्थित ढोढ़ी तक जाना पड़ता था। फुलमत बाई को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये भी प्राप्त होते हैं, जो उनके दैनिक खर्चों में बड़ी सहारा बनते हैं।

# 24 घंटे के अंदर करायेगी पानी, बिजली सफाई से जुड़ी समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आमजनता को निगम द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न मूलभूत सुविधाओं में प्रमुख पानी, बिजली व साफ-सफाई आदि से जुड़ी समस्याओं पर आमजन द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कार्यवाही व समस्याओं का समाधान अब 24 घंटे के अंदर निगम द्वारा अनिवार्य रूप से किया जायेगा और यदि किसी कारणवश निर्धारित समय पर निराकरण नहीं हो सका तो, उसका ठोस कारण भी प्रभारी अधिकारी बतायेंगे, और यह सब संभव होगा निगम की एक और जनकल्याणकारी पहल मेयर की पाती से। यह पाती लेटर बाक्स से निकलकर सीधे प्रभारी अधिकारी को जायेगी तथा संबंधित समस्या का समाधान करायेगी। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के द्वारा कोरबा के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी, शहर के सौदंर्यीकरण, व्यवस्थाओं में सुधार तथा आमजनता के हित में उठाये जा रहे कदमों की महत्वपूर्ण अगली कड़ी के रूप में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का 24 घंटे के अंदर समाधान किये जाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उनके द्वारा मेयर की पाती की व्यवस्था शीघ्र ही की जाएगी।

**कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
क्रमांक 116/तकनीकी/ क्षे.प.अ./2026
बिलासपुर, दिनांक 04/02/2026
प्रारूप- 37
[नियम-61 (3)]
वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्रीकर्ता अधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं.120/26, तारीख 05/02/2026
**मिस्टर प्रफुल्ल यादव, पोलीस लाईन दीपका कालोनी, गेवरा प्रोजेक्ट, कोरबा पिन- 495452**
को यह सूचना किया जाता है कि **चोलामण्डम फायनेंस कंपनी** वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसन उक्त करार उपबंध अधीन आपने अतिक्रम के कारण अवक्रय/ आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण सं. CG10BC6660 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय कोभेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन परिवहन प्रमाण पत्र को निरस्त कर त [illegible] किया जायेगा।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
रा.प्र.क. 202602050700049/
अ-27/2025-26
ग्राम रंजना, प.ह.नं. 03
तहसील-कटघोरा
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पांचो बाई पति सहसराम, उम्र 70 वर्ष, जाति गोंड़ निवासी ग्राम-रंजना, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम रंजना प.ह.नं. 03, तहसील-कटघोरा, स्थित शामिलात खाते की भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 340/1, 636/2, 674/1, 852/1, 889/2, 890 एवं 891 रकबा क्रमशः 0.016, 0.405, 0.405, 0.304, 0.093, 0.081 एवं 0.405 हे. कुल खसरा नं. 07 एवं कुल रकबा 1.709 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में पांचो बाई पति सहसराम, बुंद कुंवर पिता सहसराम, बुधवारा बाई पिता घासीराम, बुंदेल सिंह पिता सहसराम, सुकवारा बाई पिता सहसराम, सुघरौतिन बाई पिता सहसराम एवं सोनकुंवर पिता सहसराम के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 'क' के तहत अपने जीवनकाल में अपने विधिक वारिसानों के मध्य 1/7 बराबर-बराबर भागों में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 18/03/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी जिला कोरबा (छ०ग०)**
**//ईश्तहार//**
रा.प्र.क.202602051100001
अ-20(1)/2025-26
ग्राम कोरबा, प०ह०नं० 16, तहसील कोरबा
एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोरबा, प.ह.नं. 16 तहसील व जिला कोरबा स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 3/1/क/1 में से 8.00 एकड़ भूमि आवेदक संस्था अध्यक्ष/सचिव कोरबा सतनामी कल्याण समिति, जिला-कोरबा (छ०ग०) को कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटित किया जाना प्रस्तावित है।
इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06/03/2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के साथ जारी किया गया।
पृ. पत्र क्रमांक/2538/नजूल/2026
कोरबा दिनांक 20/02/2026
**तहसीलदार नजूल**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
• हड्डी रोग विभाग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
• मेडिसिन रोग विभाग
• छाती रोग विभाग
• सर्जरी विभाग
• शिशु रोग विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• इनफर्टिलिटी विभाग
• पैथोलॉजी विभाग
• इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
• न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
• X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
• PFT की सुविधा
• वेंटीलेटर की सुविधा
• अनुभवी स्टाफ की टीम
• डायलिसिस की सुविधा
• 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
• 24 x 7 आपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायरॉइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप

### कृष्णा नगर में चलाया गया वृहद सफाई अभियान

**कोरबा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को दीपका क्षेत्र के कृष्णा नगर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिप्टी कमान्डेंट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सफाई अभियान को कृष्णा नगर वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती शांति मदन देवी राजपूत के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अभियान के दौरान सीआईएसएफ के जवानों और स्थानीय निवासियों ने मिलकर क्षेत्र की गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की तथा कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान डिप्टी कमान्डेंट ने कहा कि यह अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं है बल्कि क्षेत्र के पर्यावरण और वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसे हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। पार्षद शांति मदन देवी राजपूत ने सीआईएसएफ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से जनता में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश जाता है उन्होंने क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त और हरा-भरा बनाने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। अभियान के अंत में सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ऐसे सामूहिक प्रयास जारी रहेंगे।

### जिला स्तरीय ग्रामीण वॉलीबॉल प्रतियोगिता के नकटीखार रही विजेता



**ढेलवाडीह।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय ग्रामीण वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन राजेश कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय महाप्रबंधक क्षेत्र के करकमलों से किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच नकटीखार विरुद्ध सलीहाभांठा के मध्य खेला गया। जिसमें नकटीखार की टीम 2-0 से विजयी रही इस प्रतियोगिता में जिले की 14 ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में विजेता टीम को 10 हजार की नगद राशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को रुपए 7 हजार की नगद राशि व ट्रॉफी उपक्षेत्रीय प्रबंधक नवल किशोर राय के कर कमलों से प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में श्रम संगठन प्रतिनिधि, अधिकारीगण व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राजेश कुमार गुप्ता क्षेत्रीय महाप्रबंधक, केपी सिंह एपीएम, इंद्रपाल सिंह अरोरा के मार्गदर्शन में अजय चौहान, क्षेत्रीय खेल अधिकारी क्षेत्र व विनय सोनकर कार्मिक प्रबंधक, डीएसबी उपक्षेत्र का योगदान रहा।

### सीआईएसएफ एवं नगरपालिका परिषद दीपका ने चलाया संयुक्त स्वच्छता अभियान

**गेवरा-दीपका।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल तथा नगरपालिका परिषद दीपका के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 7 कृष्णानगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने क्षेत्र की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के परिसरों की सघन सफाई की। साथ ही स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरा केवल निर्धारित कूड़ेदान में डालने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एसईसीएल बिलासपुर के उप महानिरीक्षक श्री निर्विकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है और स्वच्छता ही स्वस्थ एवं सशक्त भारत की आधारशिला है। सीएमओ राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता एक सतत सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसमें सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि नियमित साफ-सफाई से बीमारियों में कमी आती है तथा नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मणबन तालाब व चैतमा चौकी क्षेत्र में हुई घटना

# निर्माणाधीन स्थल पर भर-भराकर गिरी दीवार, दो की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग स्थानों में दीवाल गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर तैनात है। जबकि गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। पहली घटना शहर की कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर लक्ष्मणबंद तालाब की है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे एक निर्माणाधीन स्थल में जेसीबी से मिट्टी कटिंग का काम किया जा रहा था जहां दबाव पड़ने की वजह से दीवाल का एक बड़ा हिस्सा भर भराकर गिर गया। दीवाल की जद में आने से लक्ष्मणबंद तालाब निवासी धनेश कर्ष 2 वर्ष पिता मुकेश कर्ष और मौके से बाइक से गुजर रहे लक्ष्मणबंद तालाब निवासी सोनू कर्ष 20 वर्ष पिता संतोष कर्ष व विशाल यादव 18 वर्ष पिता सोनू यादव तीनों दीवाल की जद में आ गये। घटना की होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घटना के बाद धनेश कर्ष, सोनू कर्ष और विशाल यादव को मलवे से बाहर निकल गया और मेडिकल अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान 2 वर्षीय धनेश कर्ष को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद लोगों का भारी भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी थी। मौके के नजाकत को देखते हुए व घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, दर्री सीएसपी विमल पाठक, नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल, बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल, मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौड़ सहित बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौके पर तैनात है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है हालांकि पुलिस की टीम ने लोगों को समझाइए देने के बाद तनाव कुछ कम हो गया है। इसी तरह दूसरी घटना चैतमा चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। बांसटाल चैतमा में निवास करने वाला लीटू उर्फ रामकुमार उम्र 42 वर्ष पिता लक्ष्मी नारायण अपने जर्जर मकान के एक कमरे को तोड़ने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सुबह से लगा हुआ था कि इस दौरान रामकुमार दीवाल के दूसरे हिस्से को तोड़ने में जुटा हुआ था कि इसी बीच जर्जर हो चुके दीवाल का एक हिस्सा सीधे राम कुमार के ऊपर आ गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। जब तक रामकुमार को बचाने के लिए परिवार के सदस्यों ने बचाव कार्य कर पाते तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। हादसा होते ही घर में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



संजय नगर में घटना के बाद जुटी भीड़।



चैतमा में दीवाल गिरने से मृत युवक।

**खास बात**

- अनहोनी के मद्देनजर लक्ष्मणबन तालाब में पुलिस फोर्स को किया गया तैनात

**महापौर व सभापति पहुंचे घटनास्थल**

शहर के हृदय स्थल लक्ष्मणबंद तालाब में दीवाल गिरने से दो वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में लोग बस्ती व घटना स्थल पर पहुंच गये थे और तनाव बढ़ता ही जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कई लोग घटना स्थल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और घटनास्थल का भी निरीक्षण कर हाल-चाल जाना। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है वहीं घटना को लेकर कोई आक्रोश की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए बड़ी संख्या पर घटनास्थल पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

# किसानों की खरहरी में लगी आग, बस्ती में मंडराया खतरा



खरहरी में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक किसानों की खरहरी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद जय नारायण कंवर सहित चार किसानों के खेतों में रखी खरही पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग की लपटें इतनी तेज और ऊंची थीं कि पास की बस्ती तक खतरा पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना नगर पालिका और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही कटघोरा नगर पालिका की दमकल टीम फराज खान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि दमकल कर्मियों को कई घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लगातार प्रयास के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस घटना में किसानों को भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि उनकी मेहनत से तैयार की गई खरही पूरी तरह जल गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि यह घटना लापरवाही या किसी चिंगारी के कारण हुई हो सकती है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**खास बातें**

- कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेशपुर की घटना
- आगजनी की घटना से किसानों को उठानी पड़ी आर्थिकक्षति

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल से केंद्रों में लटका ताला



हड़ताल में शामिल आंबा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का आंदोलन तेज हो गया है। कटघोरा में कटघोरा, पाली और पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक की करीब 3 हजार कार्यकर्ता दो दिवसीय धरने पर बैठी हैं, जिसके चलते आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटक गया है। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्षों से 8 घंटे से अधिक काम करने के बावजूद उन्हें कर्मचारी का दर्जा, न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 का हवाला देते हुए सरकार से अपनी मांगें जल्द पूरी करने की अपील की है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि मानदेय व सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कर्मियों की 26 फरवरी से काम बंद हड़ताल शुरू कर दिया है। इससे महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकांश कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। संयुक्त मंच के आह्वान पर प्रदेश के 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में 26 और 27 फरवरी को कामबंद हड़ताल कर ताला बंदी की घोषणा की गई है। आईसीडीएस के 50 वर्ष पूरे होने के बाद भी छत्तीसगढ़ की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं न्यूनतम मानदेय तथा सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं के अभाव में कार्य करने को विवश हैं। संघ पदाधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार से सहायिकाओं को 2250 रुपये और कार्यकर्ताओं को 4500 रुपये मानदेय मिलता है। पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा और चिकित्सा अवकाश जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा है। आरोप है कि विवाह, बीमारी या पारिवारिक कारणों से अवकाश लेने पर मानदेय में कटौती कर दी जाती है।

**खास बात**

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सभी केंद्रों से पहुंचे वर्कर्स

**अधिकार और सुरक्षा के मामले में उपेक्षा**

छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुधा रात्रे ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों से अन्य विभागों के कार्य भी कराए जाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में भीड़ जुटाने तक की जिम्मेदारी दी जाती है। उनका कहना है कि जब काम लेने की बात आती है तो उन्हें शासकीय कर्मचारियों से अधिक जिम्मेदार माना जाता है लेकिन अधिकार और सुरक्षा के मामले में उपेक्षा की जाती है। मानदेय कटौती, सेवा समाप्ति की चेतावनी और विभागीय सहयोग न मिलने के भी आरोप लगाए गए हैं।

# कटघोरा सीएचसी में अव्यवस्था, शौचालयों में पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। जिले के कटघोरा स्थित 50 बिस्तर वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था और गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल भवन बाहर से व्यवस्थित नजर आता है किंतु भीतर प्रवेश करते ही स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है। विशेष रूप से शौचालयों की हालत अत्यंत खराब बताई जा रही है। शौचालयों में नियमित सफाई का अभाव है, जिससे दुर्गंध और गंदगी के कारण मरीजों को असुविधा हो रही है। परिजनों का कहना है कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है। अस्पताल परिसर में कई दफा मवेशियों के घूमते रहने की शिकायतें भी सामने आई हैं। कई बार परिसर में गोबर और कचरा फैला देखा गया है। इससे अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। जबकि अस्पताल में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति होने के बावजूद नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। गौरतलब है कि कटघोरा में प्रस्तावित 100 बिस्तर अस्पताल के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि जब वर्तमान 50 बिस्तर अस्पताल का रखरखाव ठीक से नहीं हो पा रहा है, तो भविष्य में बड़ी सुविधा के संचालन को लेकर भी आशंकाएं बनी हुई हैं। अस्पताल में पदस्थ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में उपचार मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अस्पताल प्रबंधन को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# कांग्रेसियों ने राशन वितरण में अनियमितता का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, उपनेता प्रतिपक्ष गोपाल कुर्रे, पार्षद रवि सिंह चंदेल, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहु, पार्षद टामेश अग्रवाल सहित कांग्रेस पदाधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्जकर उचित मूल्य की दुकानों में राशन वितरण को लेकर गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है साथ ही खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर से भेंटकर ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि खाद्य विभाग के लापरवाही के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी माह पार हो गया लेकिन फरवरी माह का राशन सामग्री हितग्राहियों को अब तक नहीं मिला है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि ऐसे कई संचालक हैं जो एक से अधिक सरकारी राशन दुकानों का संचालन कर रहे हैं जिस कारण भी हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। कई संचालक एक बार में पूरा राशन नहीं देते और बार- बार बुलाकर हितग्राहियों को परेशान करते हैं। पहले खाद्य सामग्री आबंटन की जानकारी प्रत्येक वार्डवासियों को मिल जाया करता था जिसे वर्तमान में बंद कर दिया गया है। मांग पत्र के माध्यम से कहा है कि राशन दुकानों को समय सारणी के अनुसार खोला जाए तथा एक बार में ही पूरा राशन प्रदान किया जाए, फरवरी माह का राशन मार्च माह में एक साथ दोनों माह का राशन प्रदान किया जावे तथा पूर्व की भांति राशन आबंटन की जानकारी सार्वजनिक किया जाए ।







# मीटर टेस्टिंग के लिए अब नहीं लगानी पड़ेगी लंबी दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मीटर टेस्टिंग के लिए अब विद्युत वितरण विभाग को लंबी दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी बल्कि बिलासपुर में ही मीटर टेस्टिंग के लिए अंत्यत आधुनिक मीटर टेस्टिंग की शुरुआत की गई है। जिसका लाभ सीधे जिले के उपभोक्ता को मिलेगा। पहले मीटर खराब होने पर या किसी तरह की समस्या होने पर भिलाई की दौड़ लगानी पड़ती थी जिससे काफी समय लगता था लेकिन अब बिलासपुर में मीटर टेस्टिंग लैब खुल जाने से विभाग को राहत मिलेगी साथ ही मीटर टेस्टिंग रिपोर्ट के लिए उपभोक्ताओं को भी लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिलिंग तथा मीटर खराब होने संबंधी समस्याओं से विभाग को अवगत कराने पर मीटर, जांच के लिए मीटर टेस्टिंग लैब भिलाई भेजा जाता था जिससे अधिक समय लगता था, परंतु अब इस लैब के प्रारंभ होने से पूरी जांच यहीं पर की सकेगी जिसके कारण उपभोक्ताओं तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। चुंकि पूर्व में जांच प्रक्रिया के कारण अधिक समय लगने के पर उपभोक्ताओं में असंतोष तथा वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। अब इस लैब के प्रारंभ होने से बिलासपुर रीजन के मुंगेली, कोरबा, जीपीएम व बिलासपुर एवं रायगढ रीजन के जांजगीर, रायगढ, सक्ती तथा अम्बिकापुर क्षेत्र के सरगुजा, कोरिया, सुरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। अब उपभोक्ता स्वयं उपस्थित होकर मीटर की जांच करा सकते हैं। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट ने बताया कि बिलासपुर में लगभग 2 करोड की लागत से स्थापित सीटीएल (सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब) में पुराने एवं नये स्मार्ट मीटर की जांच की जाएगी साथ ही इस लैब में आटोमेटिक टेम्पर मशीन के माध्यम से 84 प्रकार की टेम्परिंग को भी जांचा जाएगा। लैब के प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सही रीडिंग, सही बिलिंग तथा कम समय में अधिक पारदर्शिता के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

**खास बात**

- क्षेत्र की विद्युत उपभोक्ताओं को मीटर संबंधी विभिन्न समस्याओं से मिलेगा छुटकारा







